टिप्स दिए

करसोग - प्राकृतिक आपदाओं से जल्द तथा आसानी से युवा शक्ति निपटते हुए सभी की सहायता कर सके। इसको लेकर आईटीआई करसोग में एकदिवसीय मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मौके पर आईटीआई करसोग में कंपनी कमांडर एसपीसी मनसा राम, हवलदार सोहन लाल, गृह रक्षक फरशाधर, दुनी चंद, ओमप्रकाश ने आपदाओं से निपटने के लिए गुर सिखाए। बताया गया कि एकदिवसीय मॉक ड्रिल में भूकंप, आग, चिकित्सा व अन्य आपदाओं से निपटने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राकेश कुमार, अध्यापक वर्ग जहां उपस्थित थे वहीं, विद्यार्थियों को इस मौके पर बताया गया कि वह प्राकृतिक आपदा के दौरान संयम से काम करते हुए कई कीमती जानों को बचा सकते हैं।

दिव्य हिमाचल

करसोग : स्थानीय प्रशासन की ओर से आपदा प्रबंधन पर आयोजित मॉक ड्रिल के दौरान अधिकारी व जवान

दिव्य हिमाचल Wed, 21 March 2018 epaper.divyahimachal.com//c/27189678

आईटीआई में आपदा से निपटने को मॉक ड्रिल

करसोग (मंडी)। आईटीआई करसोग में विद्यार्थियों को आपदाओं से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसमें करसोग होमगार्ड कंपनी कमांडर एसपीसी मनसाराम, हवलदार सोहन लाल, गृह रक्षक दुनीचंद, ओमप्रकाश ने छात्रों को आपदाओं से निपटने के गुर सिखाए। इसमें भूकंप, आग, बाढ़ और अन्य आपदाओं से किस प्रकार से बचाव किया जाए, इस बारे में प्रशिक्षुओं को ड्रिल के माध्यम से जानकारी दी गई। इसमें प्रधानाचार्य सहित लगभग 58 सदस्यों ने भाग लिया। कंपनी कमांडर ने कहा कि कंपनी की ओर से पहले भी करसोग क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों, विद्यालयों और सार्वजनिक संस्थानों, पंचायतों में मॉक ड्रिल, मेगा ड्रिल करवाए गए हैं। प्रधानाचार्य राकेश कुमार ने इस आयोजन के लिए सभी का आभार जताया।

Amar U
21-Mar